विधान परिषद् के प्रथम सत्र-2025 के द्वितीय शुक्रवार के लिए निर्धारित श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-10 का उत्तर :-

| प्रश्न संख्या | प्रश्न | उत्तर | | |
|---|---|---|---|---|
| 10. (क) | क्या उच्च शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि जनपद-अयोध्या में स्थापित एवं संचालित डा0 राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय अयोध्या में सभी स्तर के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के कितने पद सृजित है और अब तक कितने पद रिक्त चल रहे है? | डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या में शिक्षकों एवं कर्मचारियों के सृजित एवं वर्तमान में रिक्त पदों का विवरण निम्नवत् हैः- | | |
| | | पदनाम | सृजित पद | रिक्त पद |
| | | आचार्य | 09 | 06 |
| | | सह-आचार्य | 18 | 11 |
| | | सहायक-आचार्य | 45 | 17 |
| | | समूह-ग (कर्मचारी) | 157 | 59 |
| | | समूह-घ (कर्मचारी) | 63 | 19 |
| (ख) | क्या उक्त विश्वविद्यालय में रिक्त पदों पर शिक्षकों की नियुक्तियॉ न होने से गुणवत्तापरक शिक्षा से छात्र वंचित हो रहे है, और दिनों दिन विश्वविद्यालय में छात्रों की संख्या घटती जा रही है ? | जी नहीं, रिक्त पदों के सापेक्ष विश्वविद्यालय द्वारा संविदा शिक्षकों/अतिथि प्रवक्ताओं से शिक्षण कार्य सम्पादित कराया जा रहा है। | | |
| (ग) | यदि हॉ, तो उक्त रिक्त पदों के सापेक्ष शिक्षकों और कर्मचारियों की नियुक्तियॉ कब तक करायेंगे ? | प्रश्न ही नहीं उठता। | | |

योगेन्द्र उपाध्याय

मंत्री।